(ख) यदि हां, तो इस संबंध में विस्तृत योजना क्या है तथा इसे कब से लागू किए जाने की संभावना है ; और

(ग) इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है और इस योजना संबंधी कार्य को कब से प्रारंभ किया जाएगा ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) कल्याण मंत्रालय द्वारा भेजी गई सूचनानुसार मौलाना अबुल कलाम आजाद की जन्म शताब्दी मनाने के लिए केन्द्रीय वक्फ परिषद् द्वारा जुलाई, 1989 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन एक सोसायटी के रूप में मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की स्थापना की गई थी प्रतिष्ठान के मुख्य उद्देश्य विशेषत शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए अल्पसंख्यकों और सामान्यत: कमजोर वर्गों के लाभार्थ शैक्षिक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करना और लागू करना है । अपने उद्देश्यों के अनुसरण में प्रतिष्ठान कई कार्यकलाप शुरू कर रहा है । सरकार ने समग्र निधि के लिए 30.01 करोड़ रु० आवंटित किए हैं ।

विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी संबंधी विषय पढ़ाया जाना

4123. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में किन-किन विश्वविद्यालयों में गांधी पीठ की स्थापना की गई है अथवा महात्मा गांधी संबंधी विषय पढ़ाए जा रहे हैं ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने गांधी जी की 125वां जयन्ती वर्ष के अवसर पर उन विश्वविद्यालयों में गांधी जी संबंधी अनुसंधान अथवा अध्ययन हेतु कोई सरकारी योजना बनाई है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

केन्द्रीय विद्यालयों को आवंटित की गई धनराशि

4124. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान समय में देश में कितने केन्द्रीय विद्यालय हैं और गत तीन वर्षों के दौरान उनमें से प्रत्येक विद्यालय को कितनी धनराशि आवंटित की गई है ;

(ख) क्या किसी विद्यालय ने आवंटित की गई धनराशि का उपयोग नहीं किया है और उसे विद्यालय सेवा आयोग को वापस कर दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) देश में फिलहाल 816 केन्द्रीय विद्यालय हैं, जिनमें से 661 विद्यालयों का वित्त पोषण सरकारी अनुदान में दिया जाता है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान, क्षेत्रीय कार्यालयों और विद्यालयों को आवर्ती और अनावर्ती व्यय वहन करने के लिए मुक्त की की गई निधियां निम्न प्रकार हैं :

वर्ष	राशि (करोड़ रूपयों में)
1991–92	111.30
1992–93	128.84
1993–94	149.82